दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 306 | देहरादून, मंगलवार 06 मई, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति





## न्यूज डायरी

### खटीमा में कोर्ट में गवाही देने आए पति पत्नी को दबंगों ने पुलिस के सामने पीटा

**उधमसिंहनगर।** खटीमा कोर्ट परिसर में सोमावार को उस वक्त अफरा–तफरी मच गई जब कुछ दबंगों ने गवाही देने आए एक पति–पत्नी के साथ सरेआम मारपीट कर दी। हैरानी की बात यह रही कि यह पूरी घटना पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई, लेकिन दबंगों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने कानून को खुली चुनौती देते हुए किसी की परवाह नहीं की। घटना के चश्मदीदों के अनुसार, पीड़ित दंपति किसी मामले में गवाही देने कोर्ट आए थे। तभी वहां पहले से मौजूद कुछ दबंगों ने उन्हें घेर लिया और देखते ही देखते मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी मूकदर्शक बने रहे। इस मामले पर जब पुलिस कप्तान मणिकांत मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा, "मामला संज्ञान में है, जांच जारी है। दोषियों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।" कोर्ट जैसी संवेदनशील जगह में हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### राज्यपाल ने केदारनाथ में पुनर्निर्माण और विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**देहरादून।** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने इस अवसर पर केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण और विकास कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने राज्यपाल को बताया कि केदारनाथ में चल रहे अधिकांश पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने संगम घाट, संगम ब्रिज, सरस्वती ब्रिज एवं अन्य पुनर्निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के साथ साथ यात्रा प्रबंधन, विशेषकर इस वर्ष प्रारंभ की गई टोकन व्यवस्था को लेकर सम्पूर्ण प्रशासनिक टीम को बधाई दी। उन्होंने जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के नेतृत्व में लगातार 3 वर्षों से केदारनाथ यात्रा के लिए किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों की सराहना की और कहा कि पिछले तीन वर्षों की यात्रा व्यवस्था एवं प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

## सीएम धामी ने महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर में आइस रिंक के जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सरकार उत्तराखंड को खेल भूमि के रूप में स्थापित करने को संकल्पबद्ध है। सीएम धामी ने सोमवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर देहरादून में भारत के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर के आइस रिंक के जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण के दौरान यह बात कही। यह उत्तराखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह आइस स्केटिंग रिंक न केवल उत्तराखंड बल्कि संपूर्ण भारत के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ष 2011 में बने इस आइस स्केटिंग रिंक में साउथ–इस्टर्न एशियन विंटर गेम्स आयोजित हुए थे, जिसमें भारत के साथ ही भूटान, नेपाल, मालदीव और श्रीलंका जैसे कई देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। बाद में इस रिंक पर कोई ध्यान नहीं दिया गया जिस कारण इसको बंद कर दिया गया था लेकिन हमारी सरकार ने देवभूमि उत्तराखंड को खेल भूमि के रूप में स्थापित करने के अपने मिशन के अंतर्गत इस रिंक को पुनः शुरु करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमने दृढ़ संकल्प लिया था कि चाहे हमें विदेश से इंजीनियर्स ही क्यों न बुलाने पड़े



आइस रिंक के जीर्णोद्धार कार्यों के लोकार्पण के दौरान सीएम धामी।

### मुख्यमंत्री ने इसे उत्तराखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया

परंतु हम इस आइस स्केटिंग रिंक को पुनः शुरु करेंगे और हम ने इस दिशा में दृढ़ता से कार्य किया व सफल रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार हमने राष्ट्रीय खेलों का आयोजन ग्रीन गेम्स की थीम पर किया था उसी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इस आइस स्केटिंग रिंक को चलाने के लिए भी 1 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। यह आइस स्केटिंग रिंक एक इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का रिंक है, जो देश ही नहीं बल्कि, साउथ एशिया का भी शायद सबसे बड़ा स्केटिंग रिंक है। इस रिंक में खेलों के आयोजन हेतु आइस स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से विभाग को प्रस्ताव भी प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में हमें इस रिंक में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की आइस स्केटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन देखने को मिलेगा।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## चारधाम यात्रा प्रबंधन में व्यक्तिगत तौर पर जुटे मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड की आर्थिकी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली चारधाम यात्रा जोर शोर से शुरु हो गई है। यात्रा के पहले ही दिन से यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। इसी के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चारों धामों से लेकर प्रमुख यात्रा पड़ावों तक लगातार यात्रा तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। पुष्कर सिंह धामी कपाट खुलने के दिन चारों धामों में मौजूद रहने वाले पहले मुख्यमंत्री भी बने हैं।



चारधाम यात्रा का शुभारंभ 30 अप्रैल को गंगोत्री–यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दिन पहले गंगोत्री और फिर यमुनोत्री धाम में पहुंच, यात्रा तैयारियों का जायजा लिया। यमुनोत्री धाम में इससे पहले कोई भी सीएम, कपाट खुलने के दिन नहीं पहुंच पाए थे। इसी तरह सीएम धामी दो मई को केदारनाथ और चार मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के दिन भी दोनों धामों में मौजूद रहे। इस तरह राज्य के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब कोई सीएम चारों धामों में कपाट खुलने के दिन मौजूद रहे।

## 10,000 से अधिक वंचित बच्चों के लिए चिकित्सा उपचार करने का संकल्प लिया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ऑल्ट्रस हेल्थकेयर, उत्तराखंड का सबसे बड़ा स्पेशियलिटी अस्पताल हैं जो विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों के समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए समर्पित है, ऑल्ट्रस हेल्थकेयर अपने अत्याधुनिक इन–पेशेंट विभाग (आईपीडी) के शुभारंभ की गर्व से घोषणा करता है।

मातृत्व एवं बाल चिकित्सा देखभाल पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के साथ, अस्पताल के नया आईपीडी देहरादून एवं अन्य शहरों से आए हुए लोगों के लिए अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के प्रतिबद्धता को दर्शाता है। देहरादून के केंद्र में स्थित ऑल्ट्रस हेल्थकेयर हर मरीज को समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर के साथ चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे संचालित होता है। मातृत्व और महिलाओं के स्वास्थ्य से लेकर बाल चिकित्सा, प्रीवेंटिव हेल्थ और कॉस्मेटिक स्त्री रोग तक, ऑल्ट्रस देखभाल के हर चरण में एक विश्वसनीय और उन्नत दृष्टिकोण लाता है। इसे मजबूत करने के लिए, हाल ही में लॉन्च किए गए आईपीडी को प्रसूति, स्त्री रोग,



बाल चिकित्सा सर्जरी, आईवीएफ, कॉस्मेटोलॉजी और नियोनेटोलॉजी सहित कई विशेषताओं में विशेषज्ञ देखभाल प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। 24 क्रिटिकल केयर बेड, लेवल 3 नियोनेटल आई सी यू, रेडियोलॉजी और लेबोरेटरी सेवाओं सहित पूर्ण डायग्नोस्टिक सहायता के साथ यह सुविधा एक ही छत के नीचे निर्बाध देखभाल सुनिश्चित करती है। नए आईपीडी में उल्लेखनीय नवाचार शामिल हैं, जिनमें आईवीएफ के लिए लेजर– असिस्टेड हैचिंग, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, दर्द रहित प्रसव जैसी उन्नत लेबर तकनीक और एक सख्त संक्रमण नियंत्रण रणनीति शामिल है जो रोगी सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। ऑल्ट्रस हेल्थकेयर के आईपीडी का आधिकारिक भव्य उद्घाटन 27 मार्च 2025 को हुआ था, जिसे राधा रतूड़ी, आईएएस और दीपम सेठ, आईपीएस द्वारा किया गया था।

यह आयोजन उत्तराखंड के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसमें ऑल्ट्रस हेल्थकेयर के संस्थापक मनीष कृष्णन के अपने गृहनगर देहरादून में महिलाओं और बच्चों के लिए एक विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा बनाने के सपने का जश्न मनाया गया।

06 May 2025_Copy of Layout 1 5/6/2025 1:30 PM Page 2



# संपादकीय

## मॉक ड्रिल पर गृह मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच केंद्र सरकार ने 7 मई को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की घोषणा की है। कल होने वाली राष्ट्रव्यापी ड्रिल तीन श्रेणियों में कुल 259 स्थानों पर आयोजित की जाएगी। 7 मई को देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई हमले के सायरन बजेंगे, क्योंकि नागरिक मॉक ड्रिल में भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य युद्ध की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखना है। वहीं, 7 मई को मॉक ड्रिल के आयोजन के संबंध में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन द्वारा बुलाई गई बैठक में नागरिक सुरक्षा महानिदेशक और एनडीआरएफ महानिदेशक सहित कई उच्च पदस्थ अधिकारियों ने भाग लिया। पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच हुई इस बैठक में गृह मंत्रालय के वरिष्ठतम अधिकारी द्वारा नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने की तैयारियों की समीक्षा किए जाने की उम्मीद थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई उच्चस्तरीय बैठकों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से नए और जटिल खतरों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल करने को कहा है। गृह मंत्रालय के संचार के अनुसार, मॉक ड्रिल के दौरान किए जाने वाले उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन, नागरिकों को ष्शत्रुतापूर्ण हमलेष की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक–रक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण देना और बंकरों और खाइयों की सफाई करना शामिल है। निर्धारित मॉक ड्रिल के तहत, राज्य क्रैश–ब्लैकआउट उपायों, महत्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों को समय से पहले छिपाने से संबंधित अधिकारियों की प्रतिक्रिया को मापेंगे। वे निकासी योजनाओं का भी पूर्वाभ्यास करेंगे।

# कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्तराखंड में हो रहे बेहतर कार्यः केंद्रीय कृषि मंत्री

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मुख्यमंत्री आवास देहरादून में कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग की केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी, राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिला भी उपस्थित थे। केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों तक वैज्ञानिकों की पहुंच सुनिश्चित कराए जाने के लिए वैज्ञानिकों की 2 हजार टीमें बनाई जा रही हैं। वैज्ञानिकों की टीमें देश के प्रत्येक जनपद में जाकर वहां की भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से उत्पादन में वृद्धि, किसानों को आधुनिक खेती और तकनीकी से जोड़ने, कृषि और बागवानी से जुड़े विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी देंगी। उन्होंने कहा कि कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्तराखंड में अच्छा कार्य हो रहा है। राज्य में कृषि का क्षेत्रफल घटा है, लेकिन उत्पादन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि के क्षेत्र में लंबी अवधि की कार्ययोजना पर कार्य किया जाए, इसके साथ ही राज्य में तात्कालिक



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान कृषि विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए।

रूप से कृषि के क्षेत्र में जो कार्य होने हैं, उनके लिए भारत सरकार से जो अपेक्षा है, उसका प्रस्ताव भेजा जाए। केंद्रीय कृषि मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि उत्तराखंड के यशस्वी, कर्मठ और कल्पनाशील मस्तिष्क के धनी मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड अद्भुत प्रगति और विकास कर रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूलमंत्र को अपनाते हुए चाहे वो इंफ्रास्ट्रक्चर का सवाल हो, चाहे खेती का मामला हो, ग्रामीण विकास हो, प्रधानमंत्री आवास के मकान हो, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का बेहतर क्रियान्वयन हो या आजीविका मिशन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का काम हो, यहां तेजी से दीदियां आगे बढ़ रहीं हैं और लखपति दीदी बन रहीं हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कृषि के क्षेत्र में अद्भुत काम हुआ है। बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण जब नया राज्य बना तो खेती क्षेत्रफल में कम हो गई, लेकिन उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है इसके लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी जी को श्री चौहान ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि , राज्य के ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री भी लगातार इन कामों को गति दे रहे हैं। शिवराज चौहान ने कहा कि बैठक में कई विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। श्री चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण विकास के लिए भी अभी प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के रूप में 2018 के आवास प्लस की जो सूची थी उनको सबको आवास प्रदान किए जा चुके हैं , लेकिन अब चाहे वो पहाड़ों पर रहने वाले भाई–बहन हों या मैदानों में रहने वाले भाई–बहन हों इसके लिए एक व्यापक सर्वे होगा ताकि जो कच्चे आवासों में भी रह रहे हों उनको पक्का मकान प्रदान किया जा सके।

# खुशियों के खूबसूरत रिश्तों नातों को तोड़ने में ग़लतफहमी संवादहीनता व नांसमझी की मुख्य भूमिका



**रिश्तों नातों को खुशहाल बनाने आपसी आत्मविश्वास,समर्पण, सहमति,समर्थन व समझदारी का भाव रूपी अस्त्र की महत्वपूर्ण भूमिका**

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में भारत ही एक ऐसा देश है जहां रिश्तोंनातों की बहुत गहराई से कद्र होती है, जो कि आदि अनादि काल से ही भारत की मिट्टी में समाया हुआ है इसलिए जो मानव भारत की मिट्टी पर पैदा हुआ है उसमें प्राकृतिक रूप से उसके मन में रिश्ते नातों,संबंधों की कद्र करना समा जाता है, परंतु समय का तकाजा है,उसके चकरे के घूमने से कई चीजें न केवल बदल जाती है,बल्कि व्यक्ति विशेष का स्वभाव अंदाज, आदत तो छोड़ो लेकिन उसके जीवन की दिनचर्या ही बदल जाती है जिसमें उसके रिश्ते नाते संबंधों में दरार आने लगती है,

जिससे वह व्यक्ति खुशीयों की खूबसूरत लकीर से हटकर अकेलापन और दुख की ओर चल पड़ता है। मेरा मानना है कि इसका सबसे मजबूत कारण मिस अंडरस्टैंडिंग मिस कम्युनिकेशन व कम्युनिकेशन गैप है, चूंकि सामने वाला व्यक्ति, कहना कुछ चाहता है, हम समझते कुछ हैं, और हो कुछ और जाता है इसलिए सबसे पहले हमें उस अंडरस्टैंडिंग के अंदाज को समझने की जरूरत है,जिस लहजे में हमसे बोला जा रहा है, अगर हम यह तकनीक सीख गए तो मेरा पूरा विश्वास है हमारे रिश्ते नाते हमेशा दूर–दूर तक साधारण वह मजबूत रहेंगे। अवस्था में रहेंगे और हमें खुशियां मिलेगी क्योंकि खुशियों के लिए हमारे द्वारा बनाए संबंधों रिश्तो नातों को मजबूत स्वस्थ और खुशहाल बनाना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे रिश्तो के बिना जीवन बेकार है रिश्तो पर ध्यान देने की जरूरत है, खुशियों के खूबसूरत रिश्तों नातों को तोड़ने में गलतफहमी संवादहीनता व नांसमझी की मुख्य भूमिका हैं ।खुशहाल रिश्तों नातों को मजबूत करने नजरअंदाजी झुकना व समर्पण का भाव होना अत्यंत जरूरी हैं।

साथियों बात अगर हम अपने जीवन में रिश्तों नातों को निभाने की करें तो,व्यक्ति के जीवन में उसका परिवार, दोस्त और रिलेटिव सबसे ज्यादा करीब होते हैं ।रिश्ता चाहें जो भी हो,उसे निभाने के लिए कई जरूरी बातों का ख्याल रखना होता है। परिवार में हर व्यक्ति की सोच और स्वभाव एक दूसरे से अलग होती है, लेकिन फिर भी सभी घर में एक दूसरे के साथ बैलेंस बनाकर चलते हैं ।कई बार व्यवहार बिल्कुल अलग होने और सोच एक दूसरे से न मिलने के कारण रिश्ते खराब हो जाते हैं और कई बार टूट भी सकते हैं,ऐसा कोई नहीं चाहता कि उनका रिश्ता उनके करीबियों से खराब हो जाए या टूट जाए, इसलिए अपने किसी भी रिश्ते में लापरवाही या नासमझी नहीं करनी चाहए। रिश्तो को खुशहाल रखने के लिए इन बातों को रेखांकित करना जरूरी है(1) इज्जत और सम्मान करें–रिश्ता चाहें माता पिता से हो या दोस्तों से हो, उसकी मर्यादा को हमेशा याद रखना चाहिए,कोई भी रिश्ता बिना सम्मान के ज्यादा दिन नहीं टिक पाता है अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए एक दूसरे की इज्जत करना बेहद जरूरी है। (2) भरोसा करें और ईमानदार रहें–दुनियां के हर रिश्ते की नींव भरोसे पर टिकी होती है। भरोसा कमजोर पड़ते ही सालों पुराने और खून के रिश्ते भी टूट जाते हैं,इसीलिए हमको अपने किसी भी रिश्ते में बेवजह शक नहीं करना चाहिए और अपनों का भरोसा कभी नहीं तोड़ना चाहिए। (3) इन चीजों को करने से बचेंरोक–टोक ना करें–हर समय की रोक–टोक किसी भी व्यक्ति को परेशान कर सकती है और वे आपसे धीरे धीरे दूर हो सकते हैं, इसीलिए बेवजह बात बात पर रोक टोक ना करें और सामने वाले को उनका पूरा समय देने की कोशिश करें। (4) मिसकॉम्युनिकेशन से बचें–किसी भी रिश्ते में कम्युनिकेशन गैप आने से रिश्ते खराब हो जाते हैं, इस स्थिति से बचने के लिए मन में कोई बात ना रखें और खुलकर बात करें और दूसरो को भी अपने मन की बात कहने का मौका दें।

साथियों बात अगर हम रिश्तो को जोड़े रखने की टिप्स को समझने की करें तो, रिश्तो को जोड़े रखने के लिए कभी अंधा कभी बहरा तो कभी गूंगा होना पड़ता है?जी हां! यह रिश्ते को ही नहीं आज अपने घर में भी हर बुजुर्ग को बच्चों के साथ रहना, खाना है,तो यह करना चाहिए। यह उपाय हमको हर समस्या से बचाए रखता है। (1) समझदारी–रिश्तों को मजबूती से जोड़ने के लिए समझदारी बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे आप दूसरों की भावनाओं को समझ सकते हैं।(2) संवाद कौशल–सही संवाद कौशल रखना रिश्तों को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है, जिससे समस्याओं का समाधान हो सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि खुशियों के खूबसूरत रिश्तों नातों को तोड़ने में गलतफहमी संवादहीनता व नांसमझी की मुख्य भूमिका खुशहाल रिश्तों नातों को मजबूत करने नजरअंदाजी झुकना व समर्पण का भाव होना अत्यंत जरूरी रिश्तों नातों को खुशहाल बनाने आपसी आत्मविश्वास, समर्पण सहमति समर्थन व समझदारी का भाव रूपी अस्त्र की महत्वपूर्ण भूमिका हैं।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

06 May 2025_Copy of Layout 1 5/6/2025 1:30 PM Page 3



# धूप में नंगे पांव आखों में गुस्सा और महिलाओं की नैनीताल काण्ड के खिलाफ नारों की गूंज से दून गूॅंज उठा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में सैंकडों महिलाओं ने राज्यभर में आये दिन हो रहे महिलाओं के साथ बलात्कार, उत्पीड़न एवं अत्याचार के खिलाफ सेंट्रियो मॉल से नगे पांव कूच कर थालियां बजाकर मुख्यमंत्री आवास के बाहर सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर ज्योति रौतेला ने कहा कि महिलायें इस तरह की यातनाओं को कब तक सहन करेगी।

उन्होंने कहा बलात्कारी किसी भी जाति धर्म को हो उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन जिस तरह का शर्मनाक अपाधिक कुछ शरारती तत्वों द्वारा किया जा रहा है वह बेहद शर्मनाक है। जिसे हमारा संविधान इजाजत नही देता है। उन्होने कहा कुछ लोग सरकार का फायदा उठाकर देवभूमि को कलंकित करने का काम कर रहे हैं, सरकार को उन अराजक तत्वों को चिन्हित कर दण्ड



महिला कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए।

देना चाहिए। जो अपराधी है उसे किसी भी हालत में छोड़ा नही जाना चाहिए।

उन्होंने कहा भाजपा के नेता महिलाओं के लिए लगातार आपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं, उन पर भी सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा एक तरफ भाजपा ''बेटी बचाओ बेटी पढाओ का नारा दे रही है दूसरी तरफ उनका संरक्षण करने में पूरी तरह असफल हुई है। इस अवसर पर ज्योति रौतेला ने कहा कि जिस राज्य का निर्माण ही महिलाओं के बलिदान और संघर्ष से हुआ आज उसी देवभूमि में महिलाओं को अपनी अस्मत बचाने के लिए सड़कों पर उतरकर सरकार को जगाना पड़ रहा है, तो इससे शर्मनाक हकिकत और क्या होगी। एक तरफ धामी सरकार सर्वोत्तम राज्यों में अव्वल आने का ढिढोरा पीट रही है तो वहीं प्रदेश महिला अपराधों के आंकडों में देशभर में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

ज्योति रौतेला ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि आप कब तक वहसी लोगों का शिकार होते रहेंगी। कब तक अपमान, धमकियां, यौन शोषण, हिंसात्मक धटनाओं का शिकार होते रहेंगी। उन्होंने कहा कि घरेलू महिलाओं के अलावा सरकार दफ्तरों में काम कर रही महिलायें भी अपने आप को सुरक्षित महसूस नही कर रही हैं।

ज्योति रौतेला ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें लगातार बढती जा रही हैं। उन्होंने कहा बेटियों की हत्या की जा रही है और सरकार के कानों पर जूं तक नही रैंग रही है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार अपराधियों को खुला संरक्षण देने का काम कर रही है। जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नही करेगी और जन सरोकारों के लिए लड़ती रहेगी।

## चेन लूट की दो घटनाओं में हिस्ट्रीशीटर सहित तीन गिरफ्तार

**नैनीताल।** दो अलग–अलग चेन स्नेचिंग की घटनाओं को खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से लूटा गया माल भी बरामद हुआ है। आरोपियों में से एक शातिर चोर है जबकि दूसरा हिस्ट्रीशिटर व तीसरा माल खरीदने वाला ज्वैलर्स है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 18 अप्रैल तथा 20 अप्रैल को थाना हल्द्वानी क्षेत्रांतर्गत चौकी टीपी नगर एवं चौकी मंडी क्षेत्र में 2 अलग–अलग स्थानों पर महिलाओं से चौन स्नेचिंग की घटनाएं घटित हुई थीं, जिनमें अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा महिलाओं के गले से पेंडेंट झपट कर फरार हो गए थे। मामलो में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी। आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीमों को कड़ी मशक्कत के बाद 27 अप्रैल को टांडा बैरियर से चौन स्नेचिंग की दोनों घटनाओं में संलिप्त 2 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का माल बरामद किया गया।

## चारधाम यात्रा में झूठी अफवाह फैलाने वाले दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**रूद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ धाम यात्रा में भगदड़ होने की भ्रामक व झूठी अफवाह फैलाने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म (इंस्टाग्राम) पर भगदड़ होने की झूठी खबर वायरल कर दी गयी थी।

कोतवाली रुद्रप्रयाग पर जिला सूचना अधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा तहरीर दी गयी कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (इंस्टाग्राम) पर दो व्यक्तियों ने श्री केदारनाथ धाम में भगदड़ होने की झूठी सूचना की रीलें व वीडियोज प्रसारित की है, जो कि झूठी एवं भ्रामक है। सम्बन्धित प्लेटफार्म पर यात्रा व्यवस्था के लिए बनाये गए टोकन काउंटर व अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी भ्रामक बयानों के साथ पोस्ट डाली गयी है। जबकि श्री केदारनाथ धाम मंदिर परिसर में 15 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी, वीडियो ग्राफी व रील बनाना पूर्णतया प्रतिबन्धित है। इन वीडियों व रील्स के माध्यम से श्रीकेदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं के बारे में झूठी एंव भ्रामक तथा गलत जानकारियां प्रसारित कर आम जनता एव यात्रियों व श्रद्धालुओं में केदारनाथ के विषयक चिंता, डर व असुरक्षा की भावना उत्पन्न की जा रही है इससे कानून व्यवस्था व लोकशान्ति को खतरा उत्पन्न हो सकता है व आम जन एंव यात्रियों की धार्मिक आस्थाओं को भी चोट पहुंच रही है।

## द आर्यन स्कूल में मॉक पार्लियामेंट डिबेट का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** द आर्यन स्कूल में भारतीय संसद की कार्यप्रणाली को समझाने के उद्देश्य से एक मॉक पार्लियामेंट डिबेट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पॉलिटिकल साइंस विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के जज के रूप में द आर्यन स्कूल के जनरल मैनेजर और मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान के विशेषज्ञ तुहिन दासगुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों की सराहना की और उन्हें सार्वजनिक मामलों की जानकारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने सत्तारूढ़ दल भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों की भूमिकाएं निभाईं। यह कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित हुआ कृ जीरो आवर और डिबेट। जीरो आवर के दौरान कुछ छात्रों ने नरेंद्र मोदी, राहुल



डिबेट के प्रतिभागी अतिथियों के साथ में।

गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी, अमित शाह और निर्मला सीतारमण जैसे प्रसिद्ध नेताओं की भूमिका निभाते हुए भाषण दिए। डिबेट के दौरान छात्रों ने टैक्स कानून, वक्फ बोर्ड, पहलगाम आतंकी हमला, मणिपुर मुद्दा और कर्ज मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। सभी छात्रों ने संयम और स्पष्टता के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समापन के दौरान परिणामों की घोषणा की गई। ग्रुप 1 में 'मुख्य पात्र' की श्रेणी में प्रथम स्थान अश्मित सिंह को प्रदान किया गया। ग्रुप 2 में वक्तृत्व श्रेणी में यश पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, रुशिल नरंग द्वितीय स्थान पर रहे और मान्या मित्तल ने तृतीय स्थान हासिल किया। हाउस–वाइज परिणामों में अथर्वा हाउस प्रथम स्थान पर रहा, सामा हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, रिग हाउस तीसरे स्थान पर रहा और यजुर हाउस को चौथा स्थान मिला।

## तुलाज इंटरनेशनल स्कूल ने इंटर-स्कूल साहित्यिक एवं सांस्कृतिक उत्सव 'कॉन्फ्लुएंस' किया आयोजित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** तुलाज इंटरनेशनल स्कूल ने अंतर–विद्यालयी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव कॉन्फ्लुएंस 2025 का आयोजन किया, जिसकी थीम फॉर्मूला 1 की दुनिया पर आधारित थी।

इस कार्यक्रम में 10 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों के 250 से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें विनबर्ग एलेन, ज्ञानंदा, कासिगा और सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल शामिल रहे। यह आयोजन रचनात्मकता, बुद्धिमत्ता और उत्साही प्रतिस्पर्धा का अद्भुत संगम रहा। इस अवसर पर



'कॉन्फ्लुएंस' के दौरान अतिथियों का स्वागत करते हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में अमिताभ श्रीवास्तव, उप कमांडेंट जनरल, होम गार्ड्स एवं सिविल डिफेंस मुख्यालय, देहरादून उपस्थित रहे, जिनका स्वागत तुलाज ग्रुप के वाइस चेयरमैन रौनक जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राघव गर्ग और विद्यालय के हेडमास्टर रमन कौशल भी उपस्थित रहे। इस उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों की जोशपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। विनबर्ग एलेन ने 'स्पीक अप', 'एक्सप्रेशन', 'एडवर्टो' और 'शटरबग' जैसी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सेलाकुई इंटरनेशनल स्कूल ने 'क्रेसेंडो', 'वाइब्रेशन्स' और 'रैप ऑन टैप' में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और 'टाइकून' और 'कैनवस' में दूसरा स्थान हासिल किया। एशियन स्कूल ने 'टाइकून' प्रतियोगिता में टीम । द्वारा पहला और टीम ठ द्वारा तीसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं वैंटेज हॉल ने 'कैनवस' में पहला और 'वाइब्रेशन्स' में दूसरा स्थान हासिल किया। ज्ञानंदा और कासिगा सहित अन्य विद्यालयों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। 'स्पीक अप' प्रतियोगिता का मूल्यांकन शगुफ्ता नाज ने किया, जिसमें छात्रों की वाक्–कुशलता की परीक्षा हुई। 'एक्सप्रेशन', जिसकी निर्णायक अनीता शर्मा रहीं, ने नाट्य रूप में भावनात्मक गहराई प्रस्तुत की। 'वाइब्रेशन्स' में मनीष थपलियाल व अजय गुप्ता ने नृत्य और ताल के समन्वय का आंकलन किया। 'रैप ऑन टैप' और 'क्रेसेंडो' प्रतियोगिताओं में सुमित कुकरजा, सुमित दास और नीरज आर्या ने निर्णायक भूमिका निभाई और छात्रों की संगीत व गायन प्रतिभा को सराहा।

# राज्य में स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान होगा जल्द लागूः मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में उत्तराखंड पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित "एशियन सब जूनियर–जूनियर मैन एवं वूमेन कप एवं एशियन यूनिवर्सिटी कप पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 2025" का शुभारंभ किया।

सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड को खेलभूमि के रूप में स्थापित करने उद्देश्य से हमारी सरकार राज्य में शीघ्र ही एक स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान लागू करने जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। हमारी सरकार हल्द्वानी में उत्तराखंड का प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में एक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में खेलों के समग्र विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हमारी सरकार ने एक




पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर सीएम।

नवीन खेल नीति लागू की है। इस नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होटल हयात सेंट्रिक देहरादून में उत्तराखंड पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन" द्वारा आयोजित "एशियन सब जूनियर–जूनियर मैन एवं वूमेन कप एवं एशियन यूनिवर्सिटी कप पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 2025" का शुभारंभ किया। 5 मई से 12 मई तक आयोजित हो रही इस पॉवरलिफ्टिंग चौंपियनशिप में भारत सहित एशिया महाद्वीप के 16 देशों के करीब 300 से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हमारी सरकार श्मुख्यमंत्री खेल विकास निधिश, श्मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजनाश, श्मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना तथा खेल किट योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है।हम 'उत्तराखण्ड खेल रत्न पुरस्कार' और 'हिमालय खेल रत्न पुरस्कार' प्रदान कर खिलाड़ियों की योग्यता को भी सम्मानित कर रहे हैं। इसके साथ ही हमने राज्य की राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू कर दिया है, जिससे हमारे खिलाड़ियों के परिश्रम और उत्कृष्टता को उचित अवसर और सम्मान मिल सके। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्राचीन भारतीय इतिहास में शारीरिक शक्ति और कौशल का विशेष स्थान रहा है। प्राचीन समय में जहां हमारे पूर्वज मुगदर, गदा और हल जैसे पारंपरिक उपकरणों से अपने बल और परिश्रम का प्रदर्शन करते थे, वहीं आज उनकी जगह वेट लिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग जैसे आधुनिक खेलों ने ले ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक पावरलिफ्टिंग में वजन उठाने के जो तरीके हैं, वो इन पारंपरिक भारतीय खेलों से ही प्रेरित हैं। पावर लिफ्टिंग जैसी प्रतिस्पर्धाएं न केवल युवाओं में आत्मविश्वास और अनुशासन को बढ़ावा देती हैं, बल्कि उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने में भी अपनी अहम भूमिका निभाती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपने कार्यकाल के प्रारंभ से ही ष्खेलो इंडियाष और षफिट इंडिया मूवमेंटष जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहे हैं। आज आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में भारत खेलों के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार भी प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इसी वर्ष हमारे राज्य में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य एवं सफल आयोजन ने उत्तराखंड को "देवभूमि के साथ ही "खेलभूमि" के रूप में भी स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

## सितारगंज की मुख्य आंगनबाड़ी वर्कर 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उधमसिंहनगर जिले में कुमाऊं विजिलेंस की टीम ने मुख्य आंगनबाड़ी वर्कर को दो हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अब भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विजिलेंस की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दरअसल, विजिलेंस को टोल फ्री नंबर 1064 पर एक शिकायत मिली थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी बहन ने सितारगंज के सरकारी इंटर कॉलेज से पढ़ाई की है, उसे स्कॉलरशिप के 40 हजार रुपए मिलने हैं, लेकिन आरोप था कि 10 हजार रुपए स्कूल की प्रिंसिपल और 10 हजार रुपए आंगनबाड़ी वर्कर मांग रही है। इस शिकायत पर विजिलेंस ने जांच की तो पाया गया कि शिकायतकर्ता की बहन ने साल 2024 में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। बहन के इंटर की परीक्षा पास करने पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित नंदा गौरा योजना के अंतर्गत मिलने वाली धनराशि के लिए आवेदन किया था।

यह धनराशि बीती 28 मार्च 2025 को शिकायतकर्ता की बहन के खाते में आ चुकी थी। जब योजना का फार्म भरा जा रहा था तो उसमें आवेदनकर्ता बालिका के इंटर करने वाले स्कूल की प्रिंसिपल और गृह क्षेत्र की आंगनबाड़ी वर्कर का प्रमाण पत्र भी लगना था।

## इंडियन आइडल विजेता व गायक पवनदीप राजन सड़क हादसे में घायल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** इंडियन आइडल सीजन–12 के विजेता और उत्तराखंड के ब्रांड एंबेसडर पवनदीप राजन रविवार देर रात एक सड़क हादसे का शिकार हो गए। यह दुर्घटना दिल्ली–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गजरौला के पास हुई, जहां उनकी कार हाईवे पर सीओ कार्यालय के सामने खड़े एक कैंटर में पीछे से जा घुसी। हादसे में पवनदीप गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनके दोनों हाथ और पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है।



घायल पवनदीप राजन।

जानकारी के मुताबिक, पवनदीप अपने साथी अजय महर और चालक राहुल सिंह के साथ चंपावत से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। तड़के करीब 2:30 बजे उनकी कार गजरौला में हादसे का शिकार हो गई। आशंका जताई जा रही है कि ड्राइवर को झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई। तीनों को तत्काल निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उन्हें नोएडा रेफर कर दिया गया है।

पवनदीप की हालत गंभीर बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर अस्पताल के अंदर से एक फोटो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वह बेड पर लेटे नजर आ रहे हैं और उनके हाथ–पैर प्लास्टर में बंधे हैं। अभी तक उनकी ओर से कोई मेडिकल बुलेटिन जारी नहीं हुई है, लेकिन नजदीकी सूत्रों के अनुसार उनके बाएं पैर और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। उत्तराखंड के चंपावत जिले के सिलेन टॉक निवासी पवनदीप राजन न सिर्फ एक मशहूर गायक हैं, बल्कि उत्तराखंड सरकार ने उन्हें राज्य का ब्रांड एंबेसडर भी घोषित किया हुआ है।

## केदारनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं को मिल रही सुविधाओं को नहीं पचा पा रहे पूर्व विधायक

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर गौरीकुंड के निकट रोजगार कर रहे कुछ लोगों ने स्थानीय एक भाजपा नेता पर पैंसे लेने का आरोप लगाया, जिसके बाद पूर्व विधायक मनोज रावत ने यात्रा मार्ग पर पहुंचकर भाजपा नेता के साथ सरकार, प्रशासन पर सवाल खड़े कर दिए।

इनका ये वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद प्रशासन की ओर से जब मामले में कार्यवाही की गई तो वास्तविक स्थिति कुछ और ही सामने आई। पता चला कि यात्रा मार्ग पर व्यापारियों की ओर

### विपक्षी नेता कर रहे केदारनाथ यात्रा का माहौल खराबः आशा

से केदारघाटी श्रद्धालु सेवा समिति को शुल्क जमा किया जा रहा है, जो व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ रहा है। वहीं मामले में केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से बयान जारी करते हुए कहा कि विपक्षी नेता केदारनाथ धाम मिल रही बेहतर सुविधाओं को पचा नहीं पा रहे हैं और कुछ व्यापारियों को मोहरा बनाकर यात्रा व्यवस्था को बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। दरअसल, केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर स्थाई और अस्थाई दुकानों का संचालन करने के लिये तहसील प्रशासन ऊखीमठ की ओर से टेंडर जारी किए गए, लेकिन भारी संख्या में व्यापारी टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं ले पाये। ये ऐसे व्यापारी थे, जो वर्षों से केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर अस्थाई या फिर स्थाई दुकानों से रोजगार का संचालन कर रहे थे। टेंडर प्रक्रिया में छूटने के बाद इन व्यापारियों ने सर्व सहमति से केदारघाटी श्रद्धालु सेवा समिति का गठन किया। समिति के रजिस्ट्रेशन सहित अन्य खर्चों के वहन के लिये सभी ने दो–दो हजार रूपये जमा किये, लेकिन यात्रा शुरू होने के बाद कुछ व्यापारी कांग्रेसी नेताओं के साथ मिलकर समिति द्वारा ली गई धनराशि पर सवाल खड़े करने लगे और एक भाजपा नेता पर पैंसे लेने का आरोप लगाने लगे, जिसके बाद पूर्व विधायक मनोज रावत ने भी मौके को ना गंवाते यात्रा पड़ाव का दौरा करने पहुंचे और विपक्ष की पूरी भूमिका निभाते हुए व्यापारियों के साथ खड़े हो गए और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापारियों के हितों की बात करने लगे। उन्होंने व्यापारियों से लिए जा रहे पैंसों पर सवाल खड़े करने के साथ ही प्रशासन और सरकार पर भी सवाल खड़े कर दिए। पूर्व विधायक मनोज रावत ने इसमें एक भाजपा नेता का शामिल होना बताया। मामले के बाद तुरंत जिला प्रशासन ने भी कार्यवाही शुरू कर दी। मामले की वास्तविकता सामने के बाद केदारघाटी श्रद्धालु सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप पुष्वान ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से अपना बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि जो व्यापारी प्रशासन की टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं ले सके या फिर जिनकी लाट्री नहीं निकली, उन व्यापारियों ने सर्व सहमति से इस समिति का गठन किया।

06 May 2025_Copy of Layout 1 5/6/2025 1:30 PM Page 5



# आयुक्त, सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने चौपाल लगाकर जनसमस्याएं सुनी, मौके पर किया समाधान

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में आयुक्तध्सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने सोमवार को ग्राम विजयपुर, गौलापार में चौपाल लगाकर जनसमस्याएं सुनीं और समस्याओं का मौके पर समाधान किया।



विजयपुर ग्राम सभा की मुख्य समस्या सूखी नदी पर ब्रिज एवं सड़क की थी। इस पर लो.नि.वि. के अधिकारियों द्वारा मौके पर बताया गया कि सूखी नदी पर 180 मीटर ब्रिज एवं ब्रिज के आसपास 1.3 किमी सड़क की विधिवत स्वीकृति मिल चुकी है। शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि विजयपुर–ओखलढूगा पैदल मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। आयुक्त ने इस वैकल्पिक मार्ग का सर्वे कराने के निर्देश लो.नि.वि. के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि हैड़ाखान मार्ग वर्षाकाल में भूस्खलन के कारण बंद हो जाता है, अतः इस मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे वर्षाकाल में भी लोगों को आवागमन में कोई परेशानी नहीं होगी।

ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पूर्व में कुछ आपत्तियाँ जताई गई थीं, जिनके कारण उस समय योजना के अंतर्गत कोई कार्य नहीं हो पाया था। हालांकि अब वह आपत्तियाँ सुलझा ली गई हैं। इस संबंध में नोडल अधिकारी जे.जे.एम., विशाल सक्सेना ने बताया कि 200 मीटर क्षेत्र वन विभाग के अंतर्गत आता है, और उनकी आपत्ति के कारण पेयजल लाइन नहीं बिछाई जा सकी थी। कार्यवाही अब गतिमान है। आयुक्त ने मौके पर उपस्थित प्रभागीय वनाधिकारी, कुन्दन कुमार को शीघ्र पाइप लाइन बिछाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने स्कूल में चाहरदीवारी बनाने के साथ ही गधेरे से भू–कटाव को रोकने हेतु अनुरोध किया। जिस पर आयुक्त ने स्कूल की चाहरदीवारी के लिए शीघ्र प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग द्वारा बताया गया कि नदी के भू–कटाव हेतु ₹9 करोड़ 80 लाख का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा गया है। आयुक्त ने कहा कि इस प्रस्ताव की शीघ्र स्वीकृति हेतु शासन स्तर पर वार्ता की जाएगी। सिंचाई की समस्या के समाधान हेतु गूल को स्थायी रूप से सुचारु बनाए रखने के लिए आयुक्त ने लघु सिंचाई योजना एवं सारा योजना के क्रियान्वयन के निर्देश दिए तथा आपदा न्यूनीकरण के अंतर्गत आवश्यक कार्य कराए जाने की बात कही। ग्रामीणों ने क्षेत्र में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल एवं झूलती विद्युत तारों की समस्या से अवगत कराया, जिस पर आयुक्त ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को शीघ्र पोल लगाने एवं तारों को ठीक कराने के निर्देश मौके पर ही दिए।



## अपर जिलाधिकारी ने किया राजनैतिक दलों के समक्ष ईवीएम हाउस का निरीक्षण

**चमोली।** अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने सोमवार को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गई।

इस दौरान अपर जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।

निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी सती, कांग्रेस पार्टी के मदन लोहानी, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनूप सिंह रावत आदि मौजूद थे।

## उत्तराखंड की मंडियों को देश की सर्वश्रेष्ठ मंडी बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं डॉ अनिल

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ अनिल कपूर डब्बू ने पत्रकार वार्ता में कहा कि वह उत्तराखंड की मंडियों को देश की सर्वश्रेष्ठ मंडी बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बने तब से 3 वर्षों में मंडी परिषद में दूरस्थ क्षेत्रों में किसानों के लिए 630 संपर्क मार्ग बनाए हैं। मंडी परिषद जब से कर्यदाई संस्था के रूप में काम कर रही है, तब से 211 बड़े भवनों के काम गुणवत्ता के साथ पूरे किये हैं 218 सरकारी भवनों का निर्माण वर्तमान में चल रहा है। डॉ डब्बू ने बताया मंडी परिषद अब किसानों को कम दरों पर खाद और बीज उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में मंडी परिषद की संपत्तियों का उपयोग किया जाएगा और जगह–जगह व्यापारियों के लिए दुकानों का भी निर्माण कराया जा रहा है। पेट्रोल पंपों का निर्माण भी कराया जा रहा है।

किसानों को उनकी उपज का पूर्ण मूल्य मिले, इसलिए मंडी परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वह लगातार मॉनिटरिंग करते रहें ताकि किसी भी किसान का उत्पीड़न न होने पाए। डॉ डब्बू ने कहा कि इस वर्ष हमने 200 करोड रुपए की आय का लक्ष्य रखा है। डॉक्टर डब्बू ने कहा की आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल मार्गदर्शन में सरकार भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त कार्यक्रम चला रही है, जिसमें मंडी परिषद भी उनके नेतृत्व में इसी दिशा में काम कर रही है।

## सुरेंद्र सिंह फर्स्वाण के सेवानिवृत्ति होने पर ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासखंड थराली के अंतर्गत बूंगा गांव के गुपटारा तोक निवासी कैप्टन सुरेंद्र सिंह फरस्वाण 28 वर्ष व 19 दिन भारतीय सेना में 4 पैरा कमांडो की देश सेवा से सेवानिवृत्ति होने पर अपने गांव बूंगा पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल– नगाड़ों और फूल –मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया।



कैप्टन सुरेंद्र सिंह फरस्वाण भारतीय सेना में पैरा कमांडो में सेवारत हुए, उनके पिता काम सिंह फर्स्वाण भी पैरा कमांडो में कार्यरत थे तथा माता राधा देवी गृहणी हैं। इनकी 28 वर्षों की सेवा में अधिकतर सेवा जम्मू–कश्मीर में रही तथा कैप्टन सुरेन्द्र सिंह फरस्वाण सर्जिकल स्ट्राइक में भाग लिया जिसके लिए उन्हें शौर्य चक्र दिया गया।

दो भाइयों में कैप्टन सुरेंद्र सिंह बड़े हैं तथा छोटे भाई पृथ्वी सिंह फरस्वाण हैं, पत्नी हेमा देवी तथा उनके तीन पुत्र हैं देवेंद्र सिंह, संदीप व दिनेश है, चचेरा भाई प्रेम सिंह सामाजिक कार्यकर्ता है।

कैप्टन सुरेंद्र सिंह फरस्वाण की प्रारंभिक शिक्षा गांव बूंगा तथा हाई स्कूल राजकीय इंटर कॉलेज गेरुड़(थराली) से हुई, कैप्टन सुरेंद्र सिंह फरस्वाण बचपन से ही संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे।

इनके सेवानिवृत्ति होने पर हरपाल सिंह फरस्वाण,आनंद सिंह फरस्वाण, सुरेंद्र सिंह फरस्वाण,प्रेम सिंह, पूरन सिंह, भरत सिंह, गोपाल सिंह, बलवंत सिंह, मोहन सिंह सोलवासी, दिगपाल राणा, नरेंद्र सिंह, संदीप रावत, नरेंद्र सिंह,कुंवर सिंह, राजेंद्र सिंह, बृजमोहन, लक्ष्मण सिंह, महिपाल सिंह, विजय सिंह हैरी फरस्वान आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने टीमों का गठन कर रामनगर क्षेत्र में सर्वेक्षण, सत्यापन का कार्य किया

**नैनीताल / हल्द्वानी / रामनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** संयुक्त सचिव, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के नेतृत्व में टीम द्वारा हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देवला तल्ला पंजाया, गौलापार में 100 वर्ग गज से कम क्षेत्रफल के 15 प्लाटों की रजिस्ट्री की जांच की गई।



जिसमें से 02 प्लाटों की रजिस्ट्री बैनामें की प्रति सम्बन्धित व्यक्तियों के द्वारा उपलब्ध कराई गई, किंतु मानचित्र की स्वीकृति नहीं ली गई। तथा 3 व्यक्तियों द्वारा स्टांप पर भूमि क्रय विक्रय किया जाना संज्ञान में आया। मौके पर 5 प्लॉट खाली पाए गए, जिसका सत्यापन मौके पर मिले संबंधित क्रेताओं से किया गया, जिनके बैनामे की प्रति क्रेताओं के द्वारा मौके पर दिखाई गई, तथा अन्य 5 व्यक्तियों के द्वारा बैनामे की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई।

इसके उपरांत टीम द्वारा ग्राम गौजाजाली उत्तर बरेली रोड हल्द्वानी में 100 वर्ग गज से कम क्षेत्रफल के 15 प्लाटों का का सत्यापन किया गया, जिसमें से सभी व्यक्तियों के द्वारा अपने अपने भूखंडों की रजिस्ट्रीध्बैनामे की प्रति मौके पर दिखाई गई तथा 10 व्यक्तियों द्वारा मानचित्र की स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई थी, तथा अन्य 2 व्यक्तियों द्वारा मानचित्र स्वीकृति प्राप्त की गई थी। किंतु मौके पर मानचित्र स्वीकृति का उल्लंघन के मार्गाधिकार एवं सैट बैक से निर्माण कार्य किया गया, तथा 3 व्यक्तियों द्वारा अपने भवन का नक्शा स्वीकृत होना बताया गया लेकिन उनके द्वारा मौके पर स्वीकृति मानचित्र की प्रति नहीं दिखाई गई। तीसरी टीम द्वारा पूछड़ी रामनगर में 21 प्लाटों का सत्यापन किया गया जिनमें से 11 व्यक्तियों द्वारा अपने प्लाटों की रजिस्ट्रीध्बैनामे की प्रति दिखाई गई एवं 8 व्यक्तियों के द्वारा नहीं दिखाई गई, तथा 2 व्यक्तियों द्वारा स्टांप पर भूमि क्रय किया जाना बताया गया। उक्त किसी भी व्यक्ति द्वारा मानचित्र स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई। चौथी टीम में सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल के नेतृत्व में नैनीताल, भवाली में चलाए गए अभियान में कुल 20 भवनों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में अधिकांश लोगों के पास प्राधिकरण से स्वीकृति मानचित्र नहीं थे।

06 May 2025_Copy of Layout 1 5/6/2025 1:30 PM Page 6



# प्रिन्सपलस प्रग्रेसिव स्कूलस एसोसिएशन की अंतर-विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रिन्सपलस प्रग्रेसिव स्कूलस एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर–विद्यालयीय पीपीएसए बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन द पैस्टल वीड स्कूल, ओक हिल स्टेट, मसूरी डायवर्जन रोड, देहरादून में हुआ। 12 स्कूलों ने इस प्रतिष्ठित खेल आयोजन में भाग लिया, जो इस प्रकार से हैं केसी पब्लिक स्कूल, देहरादून, दून स्कॉलर्स, दून इंटरनेशनल स्कूल, रिवर साइड, चिल्ड्रन्स अकादमी, समर वैली स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल, सिटी कैंपस, मा आनंदमयी स्कूल, द एशियन स्कूल, संत कबीर अकादमी, गुरु नानक अकादमी, यूनिवर्सल अकादमी एवं मेजबान स्कूल, द पेसल वीड स्कूल, देहरादून शामिल हैं।

इन स्कूलों के 160 खिलाड़ी, 6 आयु वर्गों (यू–14, यू–17 और यू–19, लड़के एवं लड़कियां) में भाग ले रहे हैं और टीम एवं व्यक्तिगत



बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। यह आयोजन खेल कौशल और उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन होगा, जिसमें सभी प्रतिभागियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। अंडर–14 बॉयज सेमीफाइनल में दून इंटरनेशनल स्कूल, रिवर साइड (बनाम) मा आनंदमयी स्कूल पहला सेमीफाइनल, दून स्कॉलर्स (बनाम) पैस्टल वीड स्कूल के बीच दूसरा सेमीफाइनल हुआ। अंडर–14 गर्ल्स सेमीफाइनल मा आनंदमयी स्कूल (बनाम) चिल्ड्रन्स एकेडमी के बीच पहला सेमीफाइनल और द पैस्टल वीड स्कूल (बनाम) दून इंटरनेशनल स्कूल सिटी कैंपस के बीच दूसरा सेमीफाइनल हुआ।

अंडर–17 बॉयज सेमीफाइनल द एशियन स्कूल (बनाम) आनंदमयी स्कूल के बीच पहला सेमीफाइनल और दून स्कॉलर्स (बनाम) संत कबीर स्कूल के बीच दूसरा सेमीफाइनल हुआ। अंडर–17 गर्ल्स सेमीफाइनल दून इंटरनेशनल स्कूल, रिवर साइड (बनाम), दून इंटरनेशनल स्कूल सिटी कैंपस के बीच पहला सेमीफाइनल और संत कबीर अकादमी (बनाम) द पैस्टल वीड स्कूल के बीरच दूसरा सेमीफाइनल हुआ। अंडर–19 फाइनल मुकाबले द पैस्टल वीड स्कूल (बनाम) द एशियन स्कूल बॉयज फाइनल दून इंटरनेशनल स्कूल, सिटी कैंपस (बनाम) द पैस्टल वीड स्कूल गर्ल्स फाइनल हुआ।

इस अवसर पर निदेशकों की प्रगतिशील स्कूल संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कश्यप ने खिलाड़ियों को संबोधित किया और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अपने प्रेरणादायक भाषण में उन्होंने खेल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है, बल्कि अनुशासन, समर्पण और टीम भावना को भी मजबूत करता है।

## ‘काम’ की नहीं, सिर्फ ‘नाम’ की प्रभारी

**देहरादून।** संविधान बचाओ रैली के नाम पर कांग्रेस ने आज देहरादून में शक्ति प्रदर्शन किया। दिग्गज नेता सचिन पायलट कार्यकर्ताओं में जोश भरने राजस्थान से देहरादून आये लेकिन प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने हरियाणा से देहरादून आना मुनासिब नहीं समझा।

पिछले कुछ दिनों से जब रैली का प्रचार प्रसार किया जा रहा था तो कुमारी शैलजा के आने का ढिंढोरा पीटा जा रहा था लेकिन ऐनमौके पर उनकी ना ने कांग्रेसियों को सकते में डाल दिया।

कांग्रेस पिछले कई सालों से नेरेटिव सेट कर रही है कि देश में संविधान खतरे में है। मोदी सरकार पर चौतरफा हमले किए जा रहे हैं। इसी बीच 9 अप्रैल को ईडी ने नेशल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिये। इसके बाद कांग्रेस और ज्यादा मुखर हो गई और पार्टी की ओर से देश भर में 25 अप्रैल से 30 अप्रैल तक श्संविधान बचाओ रैलीश निकालने का ऐलान कर दिया गया।

# चमोली में होटल कर्मियों को दिया गया अग्निशमन उपकरणों को चलाने प्रशिक्षण

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रभारी अग्निशमन अधिकारी फायर यूनिट श्री बद्रीनाथ एफएसएसओ श्याम सिंह के नेतृत्व में फायर सर्विस की टीम द्वारा श्री बद्रीनाथ धाम में अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया गया।

इस दौरान श्री बद्रीनाथ धाम में स्थित होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाओं का फायर ऑडिट एवं निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि इन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के मानकों का पूर्ण पालन हो, ताकि आग लगने की स्थिति में जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ संस्थान मानकों के अनुरूप आवश्यक अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था नहीं की



गयीथी। उन्हें एनबीसी (राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा कोड) के मानकों के अनुरूप अपनी आग सुरक्षा व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। फायर कर्मियों द्वारा होटल, धर्मशाला और आश्रम में मौजूद स्टाफ को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग एवं संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के तहत स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी।

# खाई में गिरी बरातियों की बोलेरो, 3 लोगों की मौत, 4 घायल

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नैनीताल जिले के दूरस्थ क्षेत्र ओखलकांडा में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। बारातियों से भरी बोलेरो गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों के मरने की सूचना है, जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे है।

जानकारी के मुताबिक हादसा ओखलकांडा क्षेत्र में कौन्ता–पटरानी मोटर मार्ग पर हुआ। बताया जा रहा है कि बारातियों से भरा बोलेरो वाहन बेकाबू होकर गहरी खाई में गिर गया। स्थानीय लोगों के अनुसार वाहन में कई लोग सवार थे। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बोलेरो में करीब 7 लोग सवार थे, जिन्हें 108 एंबुलेंस से सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने एक महिला और दो



मौके पर मौजूद लोग।

### घायलों को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भेजा गया

पुरुष को मृत घोषित कर दिया। जबकि चार अन्य लोगों की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई है, जो हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने हादसे को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि ओखलकांडा क्षेत्र में इससे पहले भी कई बार सड़क हादसे हो चुके हैं, लेकिन जिला प्रशासन अब तक सड़क सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। दुर्गम क्षेत्रों में बदहाल सड़कों, सुरक्षा दीवारों की कमी और नियमित निरीक्षण न होने के चलते ऐसे हादसे लगातार हो रहे हैं।

# राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल श्री गुरमीत सिंह (से.नि.) ने बैकुण्ठ धाम के किए दर्शन

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड के महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल श्री गुरमीत सिंह (से.नि.) ने आज श्री बद्रीनाथ धाम (बैकुण्ठ धाम) के दर्शन किए। उन्होंने श्री बद्रीनाथ मन्दिर में विशेष पूजा–अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख–समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

अपने तय कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) बद्रीनाथ धाम पहुंचे। वीआईपी हेलीपैड पर जिलाधिकारी चमोली श्री संदीप तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक चमोली श्री सर्वेश पंवार ने





पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर पुलिस के जवानों ने बेहतरीन सेरिमोनियल यूनिफॉर्म में उन्हें शानदार सलामी दी। राज्यपाल महोदय ने जवानों के उच्चकोटि के टर्नआउट व सटीक शस्त्र कवायद की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात राज्यपाल श्री बद्रीनाथ मन्दिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि–विधान से पूजा अर्चना की और भगवान बद्री विशाल से सम्पूर्ण राष्ट्र तथा उत्तराखंड राज्य की सुख–समृद्धि, शांति एवं खुशहाली के लिए मंगल कामना की। जिलाधिकारी चमोली द्वारा राज्यपाल महोदय को मास्टर प्लान के तहत श्री बद्रीनाथ धाम में विभिन्न चरणों में होने वाले निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी दी गयी।

06 May 2025_Copy of Layout 1 5/6/2025 1:30 PM Page 7



# एसबीआई कार्ड और टाटा डिजिटल की टाटा न्यू एसबीआई कार्ड लॉन्च करने के लिए साझेदारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने आज टाटा डिजिटल के साथ साझेदारी में टाटा न्यू एसबीआई कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की।




अपनी तरह का यह अनूठा लाइफस्टाइल को–ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड विभिन्न क्षेत्रों के जागरुक ग्राहकों के लिए एक प्रीमियम और अत्यधिक फायदेमंद वाली खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस को–ब्रांडेड कार्ड को दो वेरिएंट टाटा न्यू इनफिनिटी एसबीआई कार्ड और टाटा न्यू प्लस एसबीआई कार्ड में लॉन्च किया गया है। ग्राहक सभी खर्चों पर रिवार्ड अर्जित करते हैं, चाहे ऑनलाइन हों या इन–स्टोर, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मर्चेंट आउटलेट्स पर न्यूकॉइन्स के रूप में, जिन्हें टाटा न्यू ऐप पर रिडीम किया जा सकता है। इस लॉन्च के साथ, टाटा न्यू एसबीआई कार्ड के ग्राहक अब एक बेहतर खरीदारी अनुभव के लिए कई तरह के लाभों का आनंद ले सकते हैं। कार्डधारक टाटा न्यू इनफिनिटी एसबीआई कार्ड के साथ खर्च पर 10: तक और टाटा न्यू प्लस एसबीआई कार्ड के साथ खर्च पर 7: तक न्यूकॉइन्स के रूप में पुरस्कार का आनंद ले सकते हैं। ये मासिक रूप से कार्डधारक के टाटा न्यू ऐप के भीतर न्यूपास खाते में जमा किए जाते हैं। इन न्यूकॉइन्स को किराने का सामान, यात्रा बुकिंग, आभूषण, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मेसी सेवाओं सहित उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में ऑनलाइन और इन–स्टोर दोनों जगह भुनाया जा सकता है, जो ग्राहकों की विभिन्न जीवनशैली की जरूरतों को पूरा करता है।

यह को–ब्रांडेड कार्ड दैनिक भुगतानों पर भी रिवार्ड प्रदान करता है, जिसमें यूपीआई लेनदेन पर न्यूकॉइन्स में 1.5: तक का कैशबैक (रूपे वेरिएंट के साथ) और टाटा न्यू के माध्यम से किए गए बिल भुगतानों पर 5: तक का कैशबैक मिलता है। ग्राहक एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के माध्यम से डिजिटल रूप से कार्ड के लिए नामांकन कर सकते हैं, एसबीआई कार्ड वेबसाइट पर जाकर, और चुनिंदा क्रोमा स्टोर्स पर एसबीआई कार्ड के रिटेल कियोस्क पर जाकर ऑफलाइन नामांकन का विकल्प भी चुन सकते हैं।

लॉन्च पर बोलते हुए, सुश्री सलिला पांडे, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड ने कहा, ष्आज के युग में, बदलती प्राथमिकताओं के साथ, ग्राहकों की जीवनशैली की जरूरतें और अधिक विविध हो गई हैं। हम अपने ग्राहकों के जीवनशैली के अनुभवों को बढ़ाने के लिए टाटा डिजिटल के साथ साझेदारी करके खुश हैं। हमारी साझेदारी ग्राहक केंद्रित उत्पादों की पेशकश करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है जो सर्वश्रेष्ठ–इन–क्लास मूल्य प्रदान करते हैं।

## पीएसीएस के माध्यम से जल्द शुरू होगा लॉन्ग टर्म एग्रीकल्चर फाइनेंस

**देहरादून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारत मंडपम में राष्ट्रीय राज्य सहकारी बैंक महासंघ लिमिटेड के हीरक जयंती समारोह एवं ग्रामीण सहकारी बैंकों की राष्ट्रीय बैठक में अपनी मौजूदगी दर्ज करते हुए यह स्पष्ट किया कि पीएसीएस के माध्यम से जल्द ही लॉन्ग टर्म एग्रीकल्चर फाइनेंस की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा, जिससे देश के किसान और भी सशक्त होंगे।' किसी भी संस्था की हीरक जयंती के 2 प्रमुख उद्देश्य होते है पहला, संस्था द्वारा 60 साल के अपने योगदान और उपलब्धियों को देश के सामने रखना और दूसरा, अपनी गलतियों को परख कर उनमें सुधार करना। पीएसीएस जिला और राज्य सहकारी बैंक के त्रिस्तरीय ढांचे के बिना भारत की खेती, किसानों और गाँवों द्वारा आज़ादी के 75 साल की यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा करना लगभग असंभव था। आजादी के बाद दशकों तक स्वायत्त सहकारिता मंत्रालय की मांग होती रही।

## हमेशा हॉलमार्क युक्त आभूषण ही खरीदें ताकि गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित हो: सौरभ

**देहरादून/कर्णप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), देहरादून शाखा द्वारा सोमवार को कर्णप्रयाग में ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्वर्ण व्यवसायियों को हॉलमार्किंग प्रणाली, गुणवत्ता मानकों तथा नवीनतम नियामकीय प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का नेतृत्व सौरभ तिवारी, निदेशक एवं प्रमुख, बीआईएस देहरादून ने किया। उन्होंने बीआईएस प्रमाणन की आवश्यकता, हॉलमार्किंग की प्रक्रिया तथा उपभोक्ता हितों की सुरक्षा में इसकी महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा, "सोने की शुद्धता की गारंटी हॉलमार्किंग के माध्यम से सुनिश्चित होती है। आभूषण खरीदते समय उपभोक्ताओं को एचयूआईडी नंबर, कैरेट मान और बीआईएस का लोगो अवश्य जांचना चाहिए।" उन्होंने अपने संबोधन में उपभोक्ता हितों की सुरक्षा तथा ज्वैलर्स की जिम्मेदारी पर बल देते हुए कहा, "यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उपभोक्ता केवल हॉलमार्क युक्त आभूषण ही खरीदें, जिससे उन्हें गुणवत्ता और शुद्धता की पूरी गारंटी मिल सके।" सौरभ चौरसिया ने उपस्थित सभी ज्वैलर्स एवं उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि वे बीआईएस केयर मोबाइल ऐप का उपयोग करें, जो गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर पर उपलब्ध है, ताकि वे बीआईएस–प्रमाणित उत्पादों की प्रामाणिकता आसानी से सत्यापित कर सकें।

## एसोसिएशन ऑफ अलायंस क्लब इंटरनेशनल ने गोष्ठी का किया आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** एसोसिएशन ऑफ अलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रिस्पना पुल स्थित एक होटल में आयोजित की गई। कार्यक्रम में एसोसिएशन ऑफ अलायंस क्लब इंटरनेशनल के पदाधिकारी ने प्रतिभाग किया जिसमें हरिद्वार, रुड़की, हल्द्वानी, नैनीताल एवं दिल्ली से आए हुए सदस्य शामिल हुए।



कार्यक्रम में विशाल सिंह ठाकुर एलएमएफ, ब्लैक फॉरेस्ट , मुख्य संरक्षक, सहयोगी अविनाश चंद्र ओरही, प्रथम उप जिला गवर्नर, सहयोगी अनीता गुप्ता एलएमएफ, द्वितीय उप जिला गवर्नर, सहयोगी अंकुश ओरही एलएमएफ, उप जिला गवर्नर, सहयोगी प्रदीप महेंद्रीत्ता हरिद्वार, कैबिनेट सचिव, सहयोगी संजीव शर्मा, जिला कैबिनेट पीआरओ, सहयोगी अजय कंसल , एलएमएफ सलेमपुर औद्योगिक क्षेत्र, रुड़की, रीजन चेयरपर्सन सहयोगी संदीप जग्गा, जोन चेयरपर्सन, सहयोगी अर्जुन सिंह चकराता रोड एवं अन्य सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशाल सिंह, ठाकुर जिला गवर्नर ने कहा हम सभी सदस्य मिलकर पूरे प्रदेश भर में सामाजिक कार्य निरंतर करते रहेंगे। जिसमें मुख्य रूप से सभी के लिए स्वास्थ्य, महिलाओं को प्रोत्साहित करना, लड़कियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, पर्यावरण की रक्षा करना आदि) के साथ मासिक चिकित्सा शिविर आयोजित करना, वंचित लोगों के लिए रियायती उपचार के लिए स्थानीय क्लीनिक अस्पतालों के साथ गठजोड़ करना, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को बढ़ावा देना, जाँच शिविर, डॉक्टरों का सम्मान , स्कूलों में स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन, रक्तदान शिविर, योग शिविर, दंत चिकित्सा शिविर एवं अन्य सामाजिक कार्य निरंतर करते रहेंगे।

## केदारनाथ यात्रा से महिला समूहों को मिल रहा कारोबार, स्थानीय उत्पाद के स्टॉल से लेकर होमस्टे का कारोबार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ यात्रा से इस साल भी रुद्रप्रयाग जनपद के महिला स्वयं सहायता समूहों को काम मिल रहा है। जनपद के करीब डेढ़ सौ समूह, प्रसाद, जौ, तिल, कॉइन सोवेनियर, स्थानीय उत्पादों की बिक्री करने से लेकर होमस्टे और यात्रा मार्ग पर जलपान गृह तक संचालित कर रहे हैं। जिससे सैकड़ों महिलाओं की आजीविका को सहारा मिल रहा है।



महिला समूह उत्पाद तैयार करते हुए।

केदारनाथ प्रसाद की ऑनलाइन भी खरीद की जा सकती है। इसके साथ ही उद्योग विभाग के भटवाड़ीसैंण स्थित ग्रोथ सेंटर में केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति सोवेनियर के रूप में तैयार की जाती है। जिसे श्रद्धालु केदारनाथ मंदिर से स्मृतिचिह्न के रूप में अपने साथ ले जाते हैं। जिला उद्योग केंद्र रुद्रप्रयाग द्वारा संचालित इस ग्रोथ सेंटर का भी स्थानीय महिलाएं ही संचालन करती हैं। इस वर्ष अब तक पांच हजार प्रतिकृतियाँ तैयार की जा चुकी हैं तथा यह क्रम जारी है।

जखोली–जखोली ब्लॉक में करीब 50 महिला स्वयं सहायता समूह यात्रा से जुड़ा कारोबार कर रहे हैं। इसमें 30 समूह प्रसाद तैयार कर रहे हैं, जबकि 10 समूह धूपबत्ती बनाने और 10 अन्य समूह पहाड़ी उत्पादों को बेचने का काम कर रहे हैं।

इसके लिए प्रशासन ने इन्हें दुकानें भी आवंटित की हुई हैं, जहाँ बद्री गाय का घी 1200 रुपए प्रति किलो की दर पर उपलब्ध है।

अगस्त्यमुनि–अगस्त्यमुनि ब्लॉक में करीब 38 महिला समूह यात्रा कारोबार से जुड़े हैं। समूह सोवेनियर बनाने से लेकर, प्रसाद पैकेजिंग और स्थानीय उत्पाद यात्रा मार्ग पर बेच रहे हैं। कुछ समूह यात्रा मार्ग पर जलपान गृह भी संचालित कर रहे हैं। इससे करीब 90 महिलाओं को रोजगार मिला हुआ है। उखीमठ–उखीमठ ब्लॉक में करीब 60 महिला समूह यात्रा से संबंधित व्यवसाय कर रहे हैं। 48 महिलाएं सीधे तौर पर प्रसाद तैयार कर रही हैं, जबकि शेष सोवेनियर निर्माण, जलपान गृह, यात्रियों को ठहराने के लिए टेंट संचालन, होमस्टे और स्थानीय उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं।

06 May 2025_Copy of Layout 1 5/6/2025 1:30 PM Page 8



# देहरादून में वैश्य महासम्मेलन की बैठक आयोजित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में देहरादून में उत्तर भारत के सभी प्रदेशों की मैनेजिंग कमेटी की बैठक यहां स्थानीय होटल जीएमएस ग्रैंड कम्फर्ट होटल में हुई।

बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व कुलदेवी माँ लक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण–पुष्पांजलि के साथ किया गया। मैनेजिंग कमेटी में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल (कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ) अजय गुप्ता (राष्ट्रीय महामंत्री) दिनेश गुप्ता (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष) पूर्व मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल, प्रदेश महामंत्री दीपक सिंगल, प्रदेश यूथ अध्यक्ष लच्छू गुप्ता, प्रदेश महिला बिंग रमा गोयल, कुलभूषण अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, दिनेश चंद गोयल, नितिन जैन प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर मधु सचिन जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी दर्जाधारी श्याम अग्रवाल का विशाल गुप्ता द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया।



बैठक के दौरान वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी।

बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के साथ–साथ आगे होने जा रही जातीय जनगणना के लिए भीघ सभी प्रदेश अध्यक्ष/महामंत्री को विशेष टिप्स दिए गए। जिससे पूरा जनसंख्या डाटा सही से आ सके। बैठक में कई प्रस्ताव पासघ किए गए। उत्तराखंड एवं संपूर्ण भारत में वैश्य समाज राजनीतिक क्षेत्र में सरकार भागीदारी बढ़ाना पिछली बार बहुत टिकट काटे गए जिसकी पुनरावृति दुबारा न हो। एक लाख से ऊपर ब्लड यूनिट का लक्ष्य रखने की बात कही गई। ब्लड डोनेशन में सभी संस्थाएं शामिल करने पर जोर दिया गया, जैसे रोटरी क्लब, लायंस क्लब आदि। वैश्य समाज की राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया।

कहा गया कि इसके लिए सभी वैश्य भेदभाव मिटाकर सपोर्ट करें। उत्तराखंड में पिछले दिनों राजनीति में जिस तरह वैश्य समाज की अनदेखी की गई वह भविष्य में दुबारा न हो, ऐसी कोशिश हम करेंगे और बढ़चढकर पूर्ण प्रयास करेंगे। साथ ही वैश्य समाज को एकजुट होने का संदेश दिया जिसमें सभी समाज को सफलता की ओर ले जाने का प्रयत्न करें, समाज अगर तरक्की करेगा तो हर जगह वह अपनी जगह बना पाएगा। चाहे वह राजनीतिक क्षेत्र हो सामाजिक क्षेत्र हो या धार्मिक क्षेत्र हो। इस मौके पर 9 राज्यों से आए प्रतिनिधि शामिल रहे।

## उत्तराखण्ड महिला आयोग ने की बच्ची संग दुष्कर्म मामले में कठोर कार्यवाही की मांग

**देहरादून।** नैनीताल में 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला गरमाया हुआ है। इस मामले में उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए आरोपियों को कठोर से कठोर दंड देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आग्रह करेंगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुसुम कंडवाल ने नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा से फोन पर बातचीत की। साथ ही एसएसपी को सख्ताई से कड़ी से कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने को कहा। साथ ही जिलाधिकारी से आरोपी ठेकेदार के सभी लाइसेंस को भी निरस्त करने की बात कही।

# स्नान घाटों पर चोरी करने वाले अंतर्राजीय गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** स्नान घाटों पर चोरी करने वाले अंतर्राजीय गिरोह के छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक लाख रूपये की नगदी बरामद कर ली। एसपी ने पुलिस टीम को पांच हजार रूपये का ईनाम दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरकाशी पुलिस ने गंगोत्री धाम पर चोरी करने वाले गौंडा उत्तर–प्रदेश के एक गिरोह को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 1 लाख से अधिक की नकदी बरामद की गयी है। खरगोन मध्यप्रदेश के एक श्रद्धालु वासुदेव ने थाना हर्षिल पर एक तहरीर दी, जिसमें उन्होंने बताया गया कि वह अपने परिजनों के साथ चारधाम यात्रा पर आए हैं, गंगोत्री धाम पर स्नान के दौरान उनकी पैंट चोरी हो गयी, जिसमें एक लाख 10 हजार 500 रूपये की नकदी, एक मोबाइल फोन, हाथ की घड़ी व दो आधार कार्ड थे, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



चारधाम यात्रा आये श्रद्धालुओं के सामान चोरी होने के मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी ने चोरी का अनावरण तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी, थानाध्यक्ष हर्षिल व गंगोत्री की टीम कों आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पंवार के निकट पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष हर्षिल दीपक रावत के नेतृत्व में चोरी के खुलासे के लिए थाना हर्षिल व पुलिस स्टेशन गंगोत्री की अलग–2 पुलिस टीम गठित की गयी। पुलिस टीम ने चोरी के इस मामले मे गहन पतारसी–सुरागरसी, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ तथा सीसीटीवी फुटेजों जांच कर उत्तर–प्रदेश गौंडा के छह आरोपियों दिनेश, रविन्द्र, दयाराम, अनिल, श्यामू व आज्ञाराम को गत रात्रि में हर्षिल बैरियर से गिरफ्तार किया गया।

# ऑटोमेटेड पार्किंग ट्रायल अंतिम चरण में; लोकार्पण जल्द

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देहरादून शहर में निर्माणाधीन स्मार्ट ऑटोमेटेड पार्किंग का कार्य अंतिम चरण में में है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश व जिलाधिकारी सविन बंसल के निरन्तर प्रयासों से जनपद देहरादून आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होने की ओर निरंतर अग्रसर है। इसी श्रृखला में शहर में शुरूआती चरण में तीन आटोमेटेड पार्किग कार्य अपने अंतिम चरण हैं। यह आधुनिक सुविधा जल्द ही आमजन को उपलब्ध होने जा रही है, जिसका मुख्यमंत्री जल्द लोकार्पण करेंगे। इस अत्याधुनिक पार्किंग से



### तिब्बती मार्केट व कोरोनेशन में ऑटोमेटेड पार्किंग ट्रायल युद्धस्तर पर

तिब्बती मार्केट के सामने, परेड ग्राउंड, तथा कोरोनेशन अस्पताल परिसर में पार्किंग की समस्या कम होगी साथ ही जनमानस को सुरक्षित व सुविधाजनक वाहन पार्किंग की सुविधा मिलेगी।

जिलाधिकारी के अभिनव कार्य से एक ओर जहाँ कोरोनेशन अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अब भौतिक ढांचे को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है, जिससे शहर की चिकित्सा व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी। वहीं शहर के बढ़ती ट्रैफिक के दृष्टिगत शहर में व्यवस्थित रूप से पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने में डीएम का प्रोजेक्ट मील का पत्थर साबित होगा, आधुनिकता की दौड़ में ऑटोमेटेड पार्किंग जहां कम स्थान पर वाहनों की पार्किंग के सुविधा के लिए अच्छा प्रयास हैं।

# न्यूज डायरी

## भाजपा ने डा भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से नवाजाः महेंद्र भट्ट



**चमोली।** सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद महेन्द्र भट्ट की उपस्थित में निरीक्षण भवन पोखरी में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व उनकी सरकार ने कभी डॉ भीम राव अम्बेडकर को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा है। भाजपा ने डॉ भीम राव अम्बेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया है ।भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार दलितों व पिछड़ों के लिए जो भी योजनाएं बना रही है उसका लाभ अन्तिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कांग्रेस पार्टी केवल भ्रम फैलाने का काम करती है।

## सीएम ने केंद्रीय कृषि का स्वागत किया

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत और अभिनंदन किया।



# पेज 01 का शेष...

## सीएम धामी ने महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर में आइस रिंक के जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण किया

देवभूमि उत्तराखंड को खेलभूमि के रूप में स्थापित करने के हमारे विकल्प रहित संकल्प की पूर्ति में यह आइस स्केटिंग रिंक भी अपना अहम योगदान देगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, विधायक उमेश शर्मा काउ, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, अपर सचिव प्रशांत आर्य सहित खेल विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19